an>

Title: Need to construct embankments on rivers Betwa and Yamuna in Hamirpur district in Uttar Pradesh.

साध्वी निरंजन ज्योति (फतेहपुर) : अध्यक्ष महोदया, आपने मेरे आग्रह को स्वीकार किया और शून्य काल में बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देती हूं। उत्तर प्रदेश के जनपद हमीरपुर के संबंध में मैं कुछ चर्चा करना चाहती हूं। यह जनपद दो नदियों के मध्य में एक किलोमीटर के इर्द-गिर्द बसा हुआ है। इसके एक तरफ बेतवा नदी है और दूसरी तरफ जमुना नदी है। जब भी बाढ़ आती है, क्योंकि यह जनपद ऐसा है, जो रेलवे लाइन से जुड़ा हुआ नहीं है, इसलिए जब बाढ़ की स्थिति आती है तो रास्ता कट जाता है और निकलने के लिए कोई साधन नहीं रह जाता है।

दूसरी बात यह है कि बेतवा नदी से मोरम बहुतायत में निकलती है। माननीय न्यायालय के आदेश के बावजूद भी वहां 80 फीट गहराई से मोरम निकाली जा रही है। एक किलोमीटर के मध्य में बसे हुए हमीरपुर जनपद में कदाचित कहीं जरा सा भूकंप का एक झटका आ गया तो पूरा का पूरा हमीरपुर जनपद दोनों नदियों में समा जायेगा।

अतः आपके माध्यम से मेरा आग्रह है कि दोनों नदियों के तटबंध बनाये जाएं। मैंने इस संबंध में उत्तर प्रदेश सरकार से आग्रह किया था तो उन्होंने कहा था कि केन्द्र सरकार इसमें कुछ सहयोग करेगी तो हम तटबंध बनवाने की कोशिश करेंगे। मेरा आग्रह है कि वहां दोनों नदियों के किनारे तटबंध बनवाकर हमीरपुर जनपद को सुरक्षित कराने की व्यवस्था की जाए।